## ‘मोर रायपुर ऐप’ को मिला नेशनल ई-गवर्नेंस अवॉर्ड

### चर्चा में क्यों?

25 अगस्त, 2023 को भारत सरकार के प्रशासनिक सुधार और लोक शिकायत विभाग द्वारा ज़िलास्तरीय उत्कृष्ट ई-गवर्नेंस पहल के लिये राष्ट्रीय ई-गवर्नेंस पुरस्कार-2023 ‘स्वर्ण’रायपुर स्मार्ट सिटी लि. के ‘मोर रायपुर ऐप’को प्रदान किया गया।

### प्रमुख बिंदु

- आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रालय, भारत सरकार के अधीन संचालित स्मार्ट सिटीज़ मिशन के शहरों के लिये आयोजित ‘इंडिया स्मार्ट सिटी अवॉर्ड-2022’ की घोषणा भी हुई, जिसमें रायपुर स्मार्ट सिटी लि. द्वारा तैयार किये गए ऑक्सी रीडिंग ज़ोन लाइब्रेरी ‘नालंदा परिसर’को बेस्ट इनोवेटिव आइडिया अवॉर्ड मिला है।
- इस प्रतियोगिता के सामाजिक दृष्टिकोण से किये गए उत्कृष्ट कार्य की श्रेणी में शाला उन्नयन कार्यक्रम के तहत बी.पी. पुजारी स्कूल के भवन जीर्णोद्धार व अधोसंरचना निर्माण को राष्ट्रीय स्तर पर स्थान मिला है।
- ई-गवर्नेंस पहल के अंतर्गत ‘मोर रायपुर ऐप’की प्रणाली को उत्कृष्ट नवाचार माना गया है। इस ऐप के अंतर्गत डिजिटल डोर नंबर, नगर निगम से संबंधित करों के भुगतान, सेवा व शिकायतों के निवारण की प्रणाली तैयार कर नागरिक सेवाओं को हाईटेक करने की दिशा में की गई पहल को भारत सरकार के प्रशासनिक सुधार और लोक शिकायत विभाग द्वारा उत्कृष्ट मानते हुए ‘राष्ट्रीय ई-गवर्नेंस पुरस्कार’प्रदान किया गया है।
- इसके अलावा घोषित ‘इंडिया स्मार्ट सिटी अवॉर्ड-2022’ के परिणाम में स्मार्ट सिटी रायपुर के दो महत्त्वपूर्ण प्रोजेक्ट को भी राष्ट्रीय स्तर पर सराहा गया है।
- इस कॉन्टेस्ट के सामाजिक दृष्टिकोण की श्रेणी में गुजरात के वड़ोदरा व उत्तर प्रदेश के आगरा शहर के प्रोजेक्ट के बाद रायपुर के बी.पी. पुजारी शाला भवन उन्नयन कार्यक्रम को देश में तीसरा स्थान प्राप्त हुआ है।
- इसके अलावा नवाचारों की श्रेणी में रायपुर स्मार्ट सिटी लि. द्वारा निर्मित नालंदा परिसर को इनोवेशन अवॉर्ड से नवाजा गया है। इस कैटेगरी में हुगली धारवाड़ व सूरत शहर के प्रोजेक्ट को प्रथम व द्वितीय स्थान मिला है।









दृष्टि The Vision




PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/mor-raipur-app-received-national-e-governance-award